# Bihar right on track: Modi

Faizan Ahmad | TNN

Patna: Deputy chief minister Sushil Kumar Modi said the NDA government has put Bihar on the track of development during the last six years, but there were still some major handicaps, power scarcity being one of them.

Inaugurating the Bihar Growth Conference organized by International Growth Centre (IGC) here on Wednesday, Modi said the government is concentrating on good governance, better delivery system and checking corruption apart from attaching importance to agriculture.


Bihar, he said, has the lowest per capita power consumption. It has an installed capacity of 600MW but the functional capacity is only 200MW, forcing the state to depend totally on the Centre. Pointing out the Centre's 'injustice' in allocating power to Bihar from the Barh super thermal power station, Modi said though the state provided land for the project it will get only 10% of the generated power. "We have demanded 40% share in power from this unit, which will become functional from 2013-14," he said.

Modi said irrigation facilities for the state's 28.86 lakh hectares of cultivable land need to be expanded. Stating that irrigation had been neglected completely for long, Modi said, "A scheme for interlinking of rivers has been mooted, for which the 13th Finance Commission has allotted Rs 300 crore. We are working on altogether six projects."

The deputy CM also spoke about antigraft measures, basic service delivery mechanism, new appointments and monitoring of schemes. He told the gathering about the state's industrial policy of 2006 and the new policy introduced in 2011.

The IGC, which opened its Bihar chapter in 2009, is holding its two-day annual conference in collaboration with ADRI and hosting eminent panelists from academia, government and the private sector to discuss issues crucial to the sustenance of Bihar's growth trajectory. The conference includes thematic ses-

K M Sharma




Deputy CM Sushil Kumar Modi addresses the two-day annual IGC Bihar Growth Conference in Patna on Wednesday

sions involving policymakers, experts and specialists exploring key ideas of growth.

"IGC is directed and organized from hubs at the London School of Economics and Oxford, and funded by the UK Department of International Development. One of the country programmes of the IGC is in Bihar," said country co-director, IGC, India-Bihar, Shaibal Gupta. In Bihar, it has identified two key research areas through an ongoing consultation process with policy stakeholders and researchers, namely economic transformation and resource mobilization. The IGC programmes currently focus on five key sectors — agriculture, education, finance/commercial taxes, health and water resources, Gupta said.

> Modi said the government was concentrating on good governance, better delivery system and checking corruption, apart from attaching importance to agriculture

The first session of the conference was devoted to reform in education sector, in which Nishith Prakash of Cornell University and Karthik Muralidharan of UCSD made presentation on 'Cycling to School: Increasing high school enrolment for girls in Bihar'. Another presentation was made by Priya Ranjan of the University of California, Irvine, and Prakash on 'Education policies and practices: What have we learnt so far and the road ahead.' The session was chaired by principal cabinet secretary Ravikant. Prabhat P Ghosh of ADRI and Rukmini Banerji of Pratham participated in the discussions.

The other two sessions were on strengthening water resources management and promoting agricultural growth in Bihar, besides special lectures on entrepreneurship programmes for transforming economic lives of the poor by Robin Burgess of IGC, and role of explicit incentives and social identity matching by Maitreesh Ghatak of LSE and Sanchari Roy of the University of Warwick.

# Modi bats for green task

OUR CORRESPONDENT

**Patna, Dec. 14:** Deputy chief minister Sushil Kumar Modi today sought the Centre's help to provide the eastern states irrigation facilities for ushering in a "second Green Revolution" in the region.

Addressing an International Growth Centre (IGC) Bihar Growth Conference in Patna, he said irrigation has been a stumbling block for enhancing agriculture output in the state. He said of 53 lakh hectares of land, 28.86 lakh hectares are not arable.

He said the state government has taken umpteen measures to put governance on the right track in the past six years, including policy decisions in agriculture.

"We have come out with a set of policy measures such as agriculture roadmap and agriculture cabinet, besides arming farmers with improved and high quality seeds, new technology, farm mechanisation and easy credit facilities. This is why we have recorded paddy production of 70 lakh metric tonnes this year," Modi said.

The government has earmarked Rs 850 crore for co-operative banks to enable paddy procurement through various co-operative societies, including Primary Agriculture Co-operative Society, he said, adding that total output was recorded at 125 lakh metric tonnes in 2010-11.

However, for an irrigation plan, Modi sought the Centre's attention towards the eastern states.

"The Centre has neglected the issue of irrigation for long. It is not possible for the states to prepare an ambitious irrigation plan on their own. If the Centre wants a second Green Revolution in the eastern region, then it has to come forward to carry out the irrigation projects," the deputy chief minister said.

He attributed the Centre's faulty policy behind the huge gap between the east and rest of the country.

"Why is there such a sharp divide between the eastern region and other states? Was there any fault in our economic planning that some states progressed while some failed miserably to achieve growth, toeing the same policy? The Centre should pay equal attention to the eastern region for the nation's development," said Modi.

Saibal Gupta, country co-director of IGC and member secretary of Asian Development Research Institute, said the government has identified the areas that need to be strengthened as agriculture, human development, delivery system and infrastructure and communication linkages. He added: "The government should pay more attention to agriculture development with emphasis on land management to achieve the level of self reliance."

इंटरनेशनल ग्रोथ सेंटर (आईजीसी) और आद्री के तत्वावधान में 'इफेक्टिव बिहार' पर आयोजित सेमिनार में जुटे अर्थशास्त्री

# बिहार को अब बनाना है प्रभावशाली राज्य

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

न्याय के साथ विकास की अवधारणा पर चलते हुए अब बिहार को प्रभावशाली राज्य बनाने की चर्चा शुरू हुई। बुधवार को पटना में जब इस चर्चा की नींव पड़ी तो उसमें भागीदार बनने के लिए सात समंदर पार से नामी-गिरामी हस्तियां पहुंचीं। इस बहस की शुरुआत कर रहे थे उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी।

इन्टरनेशनल ग्रोथ सेंटर (आईजीसी) और आद्री के तत्वावधान में 'इफेक्टिव बिहार' विषय पर आयोजित सेमिनार में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को प्रभावशाली (इफेक्टिव) बनाने की दिशा में सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। लेकिन केन्द्र की उपेक्षा के कारण कुछ क्षेत्रों में परेशानी हो रही है। मोदी ने कहा कि इफेक्टिव स्टेट की पहली शर्त है सुशासन। एनडीए सरकार ने पहले दिन से ही इसे स्थापित कर दिया। नीतियां, उसके निर्धारण की प्रक्रिया व क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सरकार जुटी है। जनता दरबारों के साथ खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांवों में जाकर लोगों से फीडबैक ले रहे हैं। समय के अनुसार नीतियां बदलनी चाहिए। इसके अनुसार औद्योगिक नीति बनी। पांच साल बाद उसे और बेहतर बनाया गया। हर विभाग में मैन पावर भी बढ़ाये गये। बहाली बहुत आसान और जल्दी पूरी होने वाली प्रक्रिया नहीं है। बावजूद काम हुआ। उन्होंने कहा कि केन्द्र की उपेक्षा के कारण क्षेत्रीय असंतुलन बढ़ा है। कुछ राज्य बहुत अगे चले गये हैं तो कुछ बहुत पिछड़ गये। एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना अब काफी आसान हो गया है। यह सड़कों के बनने से हुआ। सभी जिला मुख्यालय फोर लेन सड़कों से जुड़ जाएंगे। कृषि, सड़क, उद्योग, बिजली , स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में राज्य में काम हो रहा है। देश में पहली बार कृषि विकास के लिए रोड मैप और कृषि कैबिनेट बनी, तो रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। नालंदा के एक किसान ने एक हेक्टेयर में 224 क्विंटल धान पैदा कर विश्व रिकार्ड तोड़ दिया।

इस वर्ष 150 लाख टन अनाज का उत्पादन हुआ जिसमें चावल की हिस्सेदारी 70 लाख है। पर केंद्र ने सिंचाई की बेहद उपेक्षा की है। हमने राज्य की नदियों को जोड़कर सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने और बाढ़ से बचाने की कवायद शुरू की है। बिजली के मामले में भी हम केन्द्र पर आश्रित हैं ।

बाढ़ में प्लांट लगा हमारी जमीन पर और केन्द्र ने राज्य को हिस्सा दिया मात्र दस प्रतिशत। केन्द्र को इसे बढ़ाकर 40 प्रतिशत करना चाहिए। आद्री के शैबाल गुप्ता ने पिछले सौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था में हुए उत्थान और पतन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अन्जान मुखर्जी और मार्क हेनरिज के साथ विदेशों से आये कई अर्थशास्त्रियों ने भी बिहार के विकास की चर्चा की।




बुधवार को पटना के होटल मौर्या में आयोजित कार्यशाला में बोलते उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी। साथ में है अन्य विशेषज्ञ।

## दिख रहा बदलाव

- देश-विदेश के अर्थशास्त्रियों ने की राज्य के विकास पर चर्चा
- मोदी बोले, पहले ही दिन स्थापित किया सुशासन, कनेक्टिविटी अब समस्या नहीं रही
- केन्द्र की उपेक्षा से कुछ क्षेत्रों में हो रही है परेशानी, समय के साथ बदलनी चाहिए नीतियां

## अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों ने कहा-बदल रहा है बिहार

पटना। इंटरनेशनल ग्रोथ सेन्टर (आईजीसी) और आद्री के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बिहार ग्रोथ कांफ्रेंस के दूसरे सत्र में दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स की प्रो. डॉ. रोहिणी सोमनाथन ने ग्रामीण भारत में बाल शिक्षा का निजीकरण विषय पर अपना विशेष वक्तव्य रखा । यूएसडी के अर्थशास्त्र के सहायक प्रो. डा. कार्तिक मुरलीधरन और कार्नेल विश्वविद्यालय के शोध छात्र नीतीश प्रकाश ने अपना पत्र 'स्कूल के लिए साइकिल की सवारी : बिहार की बालिकाओं का उच्च विद्यालयों में बढ़ता नामांकन' प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. प्रियरंजन ने अपना वक्तव्य 'शैक्षिक नीतियां एवं व्यवहार : अब तक हमने क्या सीखा और आगे का रास्ता' किया। उन्होंने नामांकन में प्रचूर वृद्धि के साथ साथ विद्यालयों के आधारभूत संरचना सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात की। तीसरे सत्र का विषय था 'बिहार के जल संसाधन प्रबंधन का सुदृढीकरण'। इस सत्र की अध्यक्षता मुख्य सचिव नवीन कुमार ने की। दिल्ली स्थित आईएसआई के अर्थशास्त्री प्रोफेसर ई. सोमनाथन ने 'क्या तटबंध बाढ़ नियंत्रण की बेहतर रणनीति है: कोसी नदी की केस स्टडी' पर अपने वक्तव्य रखे। उन्होंने कहा कि बाढ़ के लिहाज से सुरक्षित और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के बीच कृषि की उत्पादकता और आय में कोई अंतर नही है। बाढ़ मुक्ति अभियान के दिनेश मिश्र ने अपने विचार रखे। विश्व बैंक की क्लाडिया सदौफ एवं एन हर्षदीप द्वारा प्रस्तुत वक्तव्य में गंगा नदी के पहले बेसिनवार अध्ययन के निष्कर्षों को रखा गया। चौथा सत्र 'बिहार में कृषि विकास का संवर्धन' था। इस सत्र में लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के अरिंदम चढ्ढा ने अपना शोधपत्र 'बिहार में किसान क्रेडिट कार्ड योजना का मूल्यांकन' प्रस्तुत किया। इसी सत्र में ब्राउन यूनिवर्सिटी के एंड्रू फॉस्टर ने अपना पत्र प्रस्तुत किया।

# अब किसानों के बदलेंगे दिन

## आय बढ़ाने के उपाय कर रही सरकार, नई योजनाओं से बढ़ेगी पैदावार : मोदी

पटना (एसएनबी)। उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को कहा कि बिहार पहले से काफी बदला है। विगत छह वर्षों में एनडीए की सरकार में विकास गति ने काफी रफ्तार पकड़ी है, अब जरूरत है तो गति को और तेज करने की। उन्होंने कहा कि कृषि पर ही राज्य का विकास निर्भर करता है। सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। किसानों की आमदनी बढ़ेगी तभी गरीबी (आर्थिक संकट) दूर हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री बुधवार को आद्री द्वारा दो दिवसीय 'आइजीसी बिहार ग्रोथ सम्मेलन' का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सूबे में विकास कार्य की रफ्तार बढ़ाने में सहयोग नहीं कर रही है। राज्य की लिंक नदियों को जोड़ने के बाद खेतों में पैदावार में काफी इजाफा होगा। मोदी ने कहा कि सरकार 28 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के लायक बनाएगी। गांवों में खेतों के पटवन से लेकर कटाई तक के लिए बिजली की आपूर्ति की जा रही है। अभी बिजली को लेकर कुछ परेशानी है, लेकिन दो साल बाद यानी 2012-14 में बिजली की किल्लत को भी दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल में ही कृषि मेला लगाकर कर किसानों को कृषि यंत्र मुहैया कराया है। मोदी ने कहा कि किसानों की स्थिति सुधारने के लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 15 लाख नये किसान क्रेडिट कार्डों का वितरण होना है जबकि 10 लाख केसीसी का नवीकरण होना है। जोत भूमि के आधार पर सुयोग्य सभी किसानों और पट्टेदारों पर खेती करने वालों को शिविरों में केसीसी उपलब्ध कराये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यरत बैंकिंग उपसमाहर्ताओं को, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय बनाते हुए शिविरों में सभी बैंक प्रबंधकों एवं प्रशासनिक कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा गया है। राज्य सरकार किसानों से धान खरीद के लिए आठ सौ करोड़ रुपये का ऋण पैक्सों को देगी। मुख्य वक्ता आद्री के सदस्य सचिव सह अर्थशास्त्री शैवाल गुप्ता ने कहा कि बिहार में विकास की गति काफी बढ़ी है। चाहे वह कृषि, स्वास्थ्य हो या फिर शिक्षा। अब राज्य के गांव-गांव की सड़कें काफी बेहतर हो गयी है।

यहां कई मार्ग को फोर लेन में तब्दील किया जा रहा है। अब किसी भी जिले से राजधानी महज छह से सात घंटे में सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। पर्यटन के क्षेत्र में भी काफी बदलाव हुआ है। राज्य में गंगा, कोशी आदि नादियों पर नए सेतु बनाए जा रहे हैं। आज यहां बाहर से उद्यमी निवेश करने पहुंच रहे हैं। सम्मेलन कई सत्र में संचालित किया गया। इसमें मुख्य सचिव नवीन कुमार, ई.सोमनाथ, मैत्रिश घटक, रविकांत, रोहिनी सोमनाथ, निशिथ प्रकाश, कार्तिक मुरलीधरण, राजेश भूषण, प्रभात पी घोष, रुकमणी बनर्जी, कलोडिया शडोफ, एन हर्षदीप, अरुणभा घोष, दिनेश कुमार मिश्रा, कृषि विभाग की सचिव एन. विजयालक्ष्मी, अभिजीत सेन, एंड्रू फोस्टर, चिरंजीवी सेन, रोबिन बर्गस और अंजनी कुमार वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।



**मंथन :** आईजीसी बिहार ग्रोथ सम्मेलन में बिहार के विकास पर चर्चा करते उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी।

### बदलेगी तस्वीर

- 28 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई योग्य बनाया जाएगा
- दो साल में किसानों की बिजली समस्या को दूर कर लिया जाएगा
- पंद्रह लाख नये किसानों को क्रेडिट कार्ड वितरण का लक्ष्य
- धान खरीद के लिए पैक्सों को आठ सौ करोड़ का मिलेगा ऋण
- सूबे के विकास कार्य में सहयोग नहीं कर रही है केंद्र सरकार